## धनतेरस के साथ ही पांच दिवसीय दीपोत्सव का आगाज, बाजारों में बढ़ी रौनक

# धनतेरस आज, बाजार गुलजार, अरबों के कारोबार की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



धनतेरस के साथ ही शनिवार से इस बार भी पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरुआत होगी। धन और आरोग्य के देवता धन्वन्तरि के प्राकट्य पर्व पर प्रदेश के बाजारों में अरबों रूपए का धन बरसेगा। बाजार विशेषज्ञों की मानें इस बार हर सेटर में खासा रुझान दिख रहा है। लोग पसंदीदा और जरूरत के सामान की खरीदी कर रहे हैं। खरीफ फसलों के बेहतर उत्पादन होने से ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरों तक उत्साह का माहौल है।

धनतेरस पर शहर में करोड़ों, अरबों रुपए तक तो तहसीलों में लाखों रूपए के कारोबार का अनुमान है। सबसे ज्यादा मांग ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन और सराफा बाजार में नजर आ रही है। कपड़ा, मिठाई, पटाखे, फर्नीचर समेत सजावटी सामान का बाजार भी गुलजार है। इस बार कंपनियों ने बड़े-बड़े ऑफर्स पेश किए हैं। इसका फायदा उपभोक्ता उठा रहे हैं। कारोबारियों का कहना है, पिछले साल की तुलना में इस बार ज्यादा कारोबार दिवाली पर होगा। आर्थिक बाजार विश्लेषक कहना है, सोना-चांदी के बढ़ते भाव रुके हैं। लोग इसमें ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं। ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी ज्यादा मांग है।

### बाजारों में उमड़ रही लोगों की भीड़

धनतेरस पर छिंदवाड़ा के बाजारों में सुबह से ही ग्राहकों की भारी भीड़ देखी गई, जिसमें बर्तन, गहने, इलेक्ट्रॉनिक्स, वाहन और सजावट का सामान खरीदने वालों का उत्साह देखने लायक था। दिन भर बाजारों में रौनक बनी रही और देर रात तक खरीदारी चलती रही, जिससे दुकानदारों में भी खुशी है।

**खरीदारी की मुख्य वस्तुएंः** धनतेरस पर लोगों ने मुख्य रूप से बर्तन, गहने, इलेक्ट्रॉनिक्स (जैसे एलईडी टीवी, मोबाइल, वाशिंग मशीन), ऑटोमोबाइल (कार और बाइक), और सजावट का सामान जैसे दीये, झालर और रंगोली की सामग्री खरीदी।

**भीड़ और उत्साहः** सुबह से ही बाजार ग्राहकों से भरे रहे और शाम तक यह भीड़ और बढ़ गई। लोगों के उत्साह को देखते हुए दुकानदारों ने भी खास तैयारियां और छूट दीं।

**आर्थिक कारोबारः** धनतेरस के मौके पर कारोबार में भी तेजी देखी गई। पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष ग्राहकों की आवाजाही अधिक थी, जो दुकानदारों के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

**यातायात व्यवस्थाः** बढ़ते ट्रैफिक और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यातायात पुलिस ने भी विशेष व्यवस्था की थी, जिसमें मुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंग और कुछ क्षेत्रों को 'नो-व्हीकल जोन' घोषित करना शामिल था।

### धनतेरस पर पूजा का मुहूर्त

धनतेरस की पूजा विधि, खरीदारी और पूजा के शुभ मुहूर्त के बारे में शनिवार को प्रदोष काल शाम 5 बजकर 48 मिनट से शुरू होकर रात 8 बजकर 20 मिनट तक रहेगा। वृषभ काल शाम 7 बजकर 16 मिनट से शुरू होकर 9 बजकर 11 मिनट तक रहेगा। पूजा मुहूर्त शाम 7 बजकर 16 मिनट से रात 9 बजकर 11 मिनट तक रहेगा।

## सांसद ने तिगांव में किया विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

# पांढुर्णा जिले का विकास मेरी प्राथमिकता : सांसद विवेक साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

पांढुर्णा जिले का विकास मेरी प्राथमिकताओं में शामिल है। जिसकी शुरूआत हो गई है। पांढुर्णा शहर के साथ-साथ यहा के ग्रामीण क्षेत्रों का विकास भी तीव्र गति से किया जाएगा। इसके लिए मेरी सांसद निधि के साथ ही केन्द्र एवं राज्य सरकार से भी सहयोग लिया जाएगा। उक्त आशय के उद्गार सांसद बंटी विवेक साहू ने ग्राम तीगांव में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले में एक तिगांव ही ऐसा गांव है जहां पर मेरे सवा साल के कार्यकाल में ही मैने 25 लाख से अधिक के विकास कार्य स्वीकृत कर दिया हूं। यह सिर्फ यहा के लोगों का प्यार और मुझ पर किया गया विश्वास का ही परिणाम है। विकास की यह गति आगे भी जारी रहेगी। तिगांव के विकास में कोई कसर नहीं रहने दी जाएगी। सांसद श्री साहू ने ग्राम तीगांव में जाम नदी पर बनने वाले 10 लाख की लागत के पुलिया निर्माण का भुमिपूजन किया। साथ ही शिवाजी महाराज की प्रतिमा के लिए दी गई 5 लाख की राशि के बाद आज सांसद श्री साहू द्वारा प्रतिमा स्थापित करने के लिए भुमिपूजन किया गया।

इसके पूर्व सांसद श्री साहू के द्वारा संत गाड़गे महाराज और डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर डॉ. अंबेडकर यूथ फेडरेशन और महिला मंडल द्वारा सांसद श्री साहू से डॉ. अंबेडकर सामुदायिक भवन के लिए 5 लाख की राशि की मांग की गई। जिस पर सांसद श्री साहू ने राशि देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक नानाभाऊ मोहोड़, भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू परमार, संतोष जैन, उज्जवल सिंह चौहान, देवीदास राऊत, उषा कुमरे, सुनंदा डोंगरे, माया राऊत, बाल्या ठाकरे, हरिभाऊ नासरे, किसना खोड़े, कैलाश जयसवाल, सोनू राऊत, निलिमा शेंडे, राजू नरोटे, जगेन्द्र अल्डक, पप्पू ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### स्कूल में बच्चों को दी कानूनी जानकारी

**सौंसर**। नगर की सौसर पब्लिक स्कूल मेंकानूनी साक्षरता एवं संवैधानिक जागरूकता पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जागरूकता कार्यक्रम में सौसर न्यायालय सिविल जज अनिरुद्ध कुमार उचारिया,केद्वारा कानूनी साक्षरता और संवैधानिक जागरूकता पर बहुमूल्य जानकारी साझा की है। कार्यकर्म में इस पहल का उद्देश्य छात्रों को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के ज्ञान से सशक्त बनाना है, जिससे वे एक ज़िम्मेदार नागरिक बन सकें इस पर मार्गदर्शन करते हुए कानूनी व्यवस्था की व्यापक समझ प्रदान की, जिससे उन्हें जटिल मुद्दों को समझने और सोच-समझकर निर्णय लेने में मदद मिलेंगी। न्यायाधीश श्री उचारिया कानूनी साक्षरता को बढ़ावा देकर, हम एक अधिक जागरूक, ज़िम्मेदार और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण कर सकते हैं। कानूनी साक्षरता छात्रों और युवाओं को उनके कानूनी अधिकारों, कर्तव्यों और संवैधानिक प्रावधानों के बारे में शिक्षित करके उन्हें सशक्त बनाती है, जिससे वे कानूनी व्यवस्था का प्रभावी ढंग से सामना कर सकें।

# पटाखों को लेकर बजरंग दल, विहिप ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल, महाकौशल प्रान्त, प्रखण्ड सौसर के सदस्यों के द्वारा शुक्रवार को देवी-देवताओं के चित्र वाले एवं अपारंपरिक फटाखों पर प्रतिबंध की मांग को लेकर सौसर प्रशासन को ज्ञापन सोपा गया है। ज्ञापन में बताया कि दीपोत्सव पर्व के अवसर पर हिन्दू समाज की आस्था के साथ में खिलवाड़ हो रहा है।दीपोत्सव पर देवी-देवताओं के चित्रों वाले तथा अपारंपरिक फटाखे जानबूझकर हिन्दू आस्था को आघात पहुँचाने और समाज में सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से निर्माण व बिक्री हेतु उपलब्ध कराए जा रहे हैं। देवी-देवताओं के चित्रों वाले फटाखों का स्टॉक व बिक्री करने वाले व्यापारियों पर प्रतिबंध होप्रतिबंधित रसायनों वाले फटाखों की तत्काल जब्ती की जाए, बाजार में केवल ग्रीन फटाखों की बिक्री सुनिश्चित की जाए, बिचुवा-सवरनी मार्ग पर भैंस गाड़ियों की आड़ में हो रही गौवंश व सागौन तस्करी पर रोक लगे।स्वच्छ सौसर इस अवसर पर जिला मंत्री शुभाष गाड़ेकर, गणेश प्रजापति, अनुराग कोसे,विशाल धकाते,राज दुर्गे,आशीष सोनी, सौरभ निम्बूलकर, वैष्णव खंडाइत उपस्थित थे।

### त्यौहारों से पहले विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

**छिंदवाड़ा**। त्योहारों के इस मौसम में जब शहर रोशनी और सजावट में रंगा है, वहीं टी वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों और विविध समाज सेवी संस्थाओं ने मिलकर एक अलग ही उजाला फैलाने की कोशिश की वह है जागरूकता का उजाला।नगर के फूल एवं फल मार्केट जेल तिराह में आयोजित इस नुक्कड़ नाटक में विद्यार्थियों ने स्वदेशी अपनाने "गीला और सूखा कचरा अलग करने", "सिंगल यूज़ प्लास्टिक से दूरी बनाने" और "जीरो वेस्ट जीवनशैली" अपनाने का भावनात्मक संदेश दिया। इस अवसर पर नगर पालिक निगम के ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन, जैवविविधता सलाहकार रविंद्र कुशवाहा, टी वर्ल्ड के प्राचार्य मोहम्मद इस्माइल कुरेशी, मॉडल फ्यूचर संस्था की आयशा लोधी, हमारा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी से डॉ. नरेंद्र सोमकुवॅर, मानव अधिकार मिशन से उज्जवाने और डॉ. शेख असलम, एक्सीलेंस शिक्षण समिति की पल्लवी, समाजसेवी आराधना पवार और अंजू साहू, वंदना भटपगार साथ ही स्वच्छता चैंपियन सुश्री अलका शुक्ला की विशेष उपस्थिति रही।नाटक के अंत में बच्चों ने हाथ उठाकर प्रतिज्ञा ली —"हम त्योहार मनाएँगे, लेकिन धरती माँ का मन नहीं दुखाएँगे।सफाई रखेंगे, प्लास्टिक छोड़ेंगे, और जिम्मेदार नागरिक बनेंगे।"यह छोटा सा प्रयास शायद कचरे के पहाड़ को न गिरा सके, लेकिन विद्यार्थियों की यह आवाज़ जरूर शहर के हर दिल तक पहुँचेगी।

### शिविर में हुआ 637 मरीजों का उपचार

**छिन्दवाड़ा**। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से उन्होंने देश के गरीब कल्याण जन कल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं और आज उन्हीं की योजनाओं से दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। भारत एक महाशक्ति बनकर उभर कर आ रहा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, हमारे जिले के दूर दराज क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिले उनकी बड़ी बीमारियों का इलाज अच्छे अस्पताल में हो सके इस उद्देश्य को लेकर स्वास्थ्य शिविर आयोजित हो रहे है।

### बैडमिंटन में छिंदवाड़ा की टीम प्रदेश में तीसरे स्थान पर



**छिंदवाड़ा**। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालयइन मध्य प्रदेश बैडमिंटन प्रतियोगिता महिला पुरुष का आयोजन 14 से 16 अक्टूबर तक किया गया, जिसमें छिंदवाड़ा जिले की 15 सदस्यीय टीम ने भाग लिया। छिंदवाड़ा जिले की पुरुष वर्ग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में अपना स्थान निश्चित किया, जहां पर सेमीफाइनल में टीम का मुकाबला जबलपुर विश्वविद्यालय की टीम से हुआ। संघर्षपूर्ण मैच में दो - दो की बराबरी होने के बाद में जबलपुर की टीम एक अंक से विजयी रही।

### शासकीय पशु चिकित्सालय चल रहा भगवान भरोसे

**दमुआ**। शासकीय पशु चिकित्सालय दमुआ के अन्तर्गत कई गांव ग्रामीण क्षेत्र कस्बे ढाने टोले आते है इतने बडे पशु चिकित्सालय दमुआ मे लगभग 4-5 माह हो गये है पशुचिकित्सक का तबादला होने के बाद से आज तक दूसरा पशुचिकित्सक नही आया है स्थाई रूप से पशुचिकित्सक के ना रहने से चिकित्सालय भगवान भरोसे चल रहा है मिली जानकारी के अनुसार ज्ञात हुआ है कि इस विभाग के द्वारा अन्य चिकित्सक को प्रभार देकर भेज दिया जाता है किन्तु चिकित्सक कभी भी अस्पताल मे नजर नही आते है। चिकित्सक के नाम रहने पर पशु पालको को भारी परेशानी का सामना करना पडता है। छोटे मोटे कर्मचारियो के भरसो अस्पताल चल रहा है जिसमे कुछ सरकारी तथा कुछ प्रायवेट रोल पर अपनी सेवा दे रहे है। तथा क्षेत्र के गांव गावं पहुंचकर जानवरो का इलाज भी कर रहे है। जबकि दमुआ सहित आसपास के क्षेत्र मे कई किसान और पशुपालक है जिन्हे पशुओं का इलाज कराने के लिए दमुआ लाना पडता है।






## छात्रों ने बुजुर्गों के साथ बिताये पल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

अपनों से दूर वृद्धाआश्रम में रह रहे बुजुर्गों के साथ छात्रों ने कुछ पल बिताए , ताकि बुजुर्गों को इस दिवाली में अपनों के स्नेह की कमी न महसूस हो । वहीं छात्रों में भी बुजुर्गों के प्रति सहानुभूति पैदा हो ।विसडम पब्लिक स्कूल के छात्र मिशन आशीर्वाद के लिए भमोड़ी वृद्धाश्रम पहुंचे परासिया । यहां आशा किरण वृद्धाश्रम में रह रहे हैं बुजुर्गों के साथ विजडम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने दीपावली की खुशियां मनाई । छात्रों ने वृद्ध जनों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया ।स्वल्पहार और फल वितरित किया गया । स्कूल के शिक्षकों ने आश्रम में भजन और गीत का गायन किया । विजडम पब्लिक स्कूल के संस्था प्रमुख हेमंत कुमार शर्मा ने कहा , कि वृद्धजन हमारी धरोहर है । वर्तमान परिवेश में बच्चे बुजुर्गों का महत्व समझे और उनकी देखभाल को लेकर गंभीर रहे । इसके लिए दीपावली पर स्कूल के विद्यार्थी और स्टाफ को वृद्धाश्रम लाया गया है । उन्होंने कहा आज के कार्यक्रम से यह शिक्षा मिली कि बुजुर्गों को अपने से दूर ना किया जाए। इस अवसर पर संस्था प्रमुख हेमंत शर्मा के साथ डायरेक्टर श्वेता शर्मा , प्राचार्य सीमा शर्मा , उप प्राचार्य रविन्द्र रत्नाकर , एडमिनिस्ट्रेटर संगीता दास , अशोक बड़गुरजर स्कूल स्टाफ विद्यार्थीगण उपस्थित रहे ।

# आबकारी ने की कच्ची शराब पर कार्यवाही

### 2500 किलो महुआलाहन किया जब्त, प्रकरण किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

विकासखंड सौंसर के ग्रामों में अवैध कच्ची शराब के निर्माण और वीकली को लेकर सौसर आपका विभाग की टीम के द्वारा छापा मार कार्रवाई की जा रही है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी जी.एल. मरावी ने बताया कि पांढुर्णा कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशानुसार आबकारी वृत्त सौंसर में अवैध मदिरा के निर्माण विक्रय, विनिर्माण, संग्रहण एवं परिवहन पर नियंत्रण के लिए विकासखंड सौंसर के ग्राम मैंडी पठार के जंगलों में दबिश दी गई, जहां पर पन्नियों में कच्ची शराब निर्माण के लिये रखी 2500 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर नष्ट किया गया तथा म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) च के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। साथ ही ग्राम घोटी में राजेंद्र से 13 पाव जिप्सी, विदेशी मदिरा, ग्राम भीलापार में विनोद बन से 10 प्लेन मदिरा तथा ग्राम रंगारी ठोका में गजानन रौके से 12 पाव मसाला मदिरा जप्त की गई । सभी आरोपियों के विरुद्ध म.प्र.आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया है।कार्यवाही के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी जी.एल. मरावी, आबकारी आरक्षक जितेंद्र सिंह, भावना हेडाऊ, उत्कर्ष ठाकरे उपस्थित थे।








## पंचायत की लापरवाही के चलते स्वच्छता मिशन की अनदेखी

# गंदगी से भरे शौचालय के सामने खड़े रहते हैं दुकानदारों के वाहन, प्रवेश हुआ दूभर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया




तामिया जनपद की ही मुख्यालय ग्राम पंचायत जो अपनी विवाद स्पद कार्य प्रणाली के लिए जग जाहिर है। ऐसा इसलिए है, की मुख्य कार्य पालन अधिकारी, पंचायत इंस्पेक्टर, पंचायत सचिव, की लापरवाही के चलते यहां पर शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में भारी अनमितताओं का सामना यहां पर साप्ताहिक बाजार में खरीदी करने आने वाले दूर-दूर के ग्रामीणों को करना पड़ता है, उनकी मुसीबत साप्ताहिक बाजार में प्रवेश करने के साथ ही शुरू हो जाती है। बीच सड़क पर ही दुकानदार दुकान लगा रहे हैं। इसलिए उनको खरीद दारी करने के लिये बाजार तक पहुंचाना काफी दुश्वारियो भरा होता है, वही इसी साप्ताहिक बाजार में मूलभूत सुविधाओं का ध्यान पंचायत द्वारा बाजार में आने वाले ग्रामीणों के लिए तनिक भी नहीं रखा गया है, यहां पर उनको पीने के पानी के लिए चंद लीटर की टंकी है जो बरसों से साफ नहीं हुई वहां भी गंदगी का आलम साफ देखा जा सकता है। इससे भी सबसे बड़ी समस्या पंचायत द्वारा बनाया गया स्वच्छता के उद्देश्य से जो सार्वजनिक शौचालय जिस उद्देश्य को लेकर बनाया गया। यहां पर साप्ताहिक बाजार में आने वाले दुकानदार एवं खरीदारों को शौच की सुविधा मिल सके, लेकिन शासन का पैसा खर्च होने के बाद भी यह सार्वजनिक शौचालय अनउपयोगी ही साबित हो रहा है जहां पर गंदगी का यह आलम है कि इसमें प्रवेश करना दूभर है। उस पर भी यहां साप्ताहिक बाजार में आने वाले दुकानदारों के सामने अपने वाहन खड़े कर देते हैं जिससे यहां पहुंचना पुरुष के लिए मुश्किल भरा है तो महिलाओं के लिए कितनी परेशानी होगी। इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है, वही इस साप्ताहिक बाजार में पंचायत के खुले संरक्षण के चलते ठेकेदार द्वारा मनमाना टैक्स भी वसूला जाता है। बावजूद इसके लोगों को बिजली पानी शौच जैसी मूलभूत सुविधाएं के लिए परेशान होना बाजार में आने वाले दुकानदार एवं खरीदारों के लिए दुर्भाग्य से कम नहीं है, लेकिन अधिकारियों को साप्ताहिक बाजार में आने वाले दुकानदारों एवं खरीदारों को सुविधा दिलाने की यदि उनकी मंशा है तो साप्ताहिक बाजार में स्वयं जाकर यहां की समस्याओं को समझ कर निदान करना होगा। लेकिन ऐसा होना संभव नहीं है। जबकि यह साप्ताहिक बाजार कई दशक से लग रहा है।

## कलेक्टर कार्यालय पांढुर्ना के अमरावती रोड पर प्रस्तावित नवीन भवन के विरोध में तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ

# कर्मचारी संघ कलेक्टर कार्यालय स्थल के विरोध में आया सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय पांढुर्ना के अमरावती रोड पर प्रस्तावित नवीन भवन के विरोध में तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ जिला पांढुर्ना भी सामने आ गया। आज संघ प्रमुख पदाधिकारियों ने प्रस्तावित कलेक्टर कार्यालय के स्थान पर घोर आपत्ति उठाते हुए कृषि उपज मंडी परिसर या आस पास की शासकीय भूमि कार्यालय के लिए सर्वाधिक उपयुक्त होने के संबंध में कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर संघ के संरक्षक चंद्रशेखर इंगले, जिला इकाई अध्यक्ष रामगोपाल भोयर, सचिव शत्रुघ्न मस्तकार, तहसील अध्यक्ष शेषराव रेवतकर तथा ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप डोबले के अलावा अन्य

### जिले के कोने है चयनित स्थल

कलेक्टर कार्यालय के लिए जगह का चयन और टेंडर कब हुआ इस बारे में संगठन को हाल ही में पता चलने का उल्लेख करते हुए संगठन ने लिखा कि हमें पहले मालूम होता तो हम तभी इसके लिए आवाज उठाते। ज्ञापन में उल्लेख है कि कलेक्टर कार्यालय का प्रस्तावित स्थान से महाराष्ट्र की सीमा सिर्फ 5 किमी दूर है, जिससे साफ है यह कार्यालय जिले के कोने में बनाया



जा रहा है। पूरे जिले के सेंटर के आजुबाजू पर्याप्त शासकीय भूमि उपलब्ध होने के बाद भी महाराष्ट्र सीमा पर कलेक्टर कार्यालय बनाया जाना तर्कसंगत नहीं है। इसके साथ ही सौंसर, नांदनवाडी और पांढुर्ना के नागरिकों के लिए कलेक्टर कार्यालय के लिए चयनित स्थान पर आवाजाही मुश्किल होगी।

### अन्य कार्यालय बनाए जा सकते है

दूर दूर से अपने काम से कलेक्टर कार्यालय पहुंचनेवाले लोगों को जरूरत से जादा टिकट भाडा वहन करना होगा। जिस जगह कलेक्टर चयनित स्थल पर आर.टी.ओ. कार्यालय, पी.एच.ई. कार्यालय, आबकारी कार्यालय, श्रम कार्यालय और अन्य ऐसे कार्यालय बनाए जा सकते है जिसमें लोगों की आवाजाही अत्यल्प हो। अथवा पांढुर्ना जिले के लिए वर्तमान में एक बडे खेल मैदान की सख्त जरूरत है इसके बारे में भी सोचा जाना चाहिए। कर्मचारी संगठन ने कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ से निवेदन किया है कि अमरावती रोड पर प्रस्तावित कलेक्टर कार्यालय का स्थान परिवर्तन किया पांढुर्ना जिलेवासियों के हित में होगा।

### मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए निकली रैली

**पांढुर्ना।** भारत मुक्ति मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछडा वर्ग मोर्चा और राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा के नेतृत्व में मौलिक अधिकार, संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए और बहुजन समाज के अधिकारों के लिए महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम ज्ञापन तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर को सौंपा गया। ज्ञापन में चुनाव बैलेट पेपर पर कराए जाने, सभी जातियों की जाति आधारित जनगणणा करने, आदिवासियों पर हो रहा अन्याय रोकने, मुस्लिम इसाई और बौद्ध समुदाय के संवैधानिक अधिकार सुरक्षा और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए आवाज बुलंद करने, एससी,



एसटी, ओबीसी कर्मचारियों को प्रोन्नति में आरक्षण लागू करने, मुख्य न्यायाधिश के साथ एक अधिवक्ता द्वारा किए गए अभद्र व्यवहार के खिलाफ एनएसए के तहत कारवाई करने, म.प्र. के ग्वालियर स्थित उच्च न्यायालय की खंडपीठ में एक अधिवक्ता द्वारा डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी पर कारवाई करने, छिंदवाडा और बैतुल में अनेक बच्चों की जहरीले कफ सिरप से मौत के मामले में लापरवाही के जिम्मेदार स्वास्थ्य मंत्री, सांसद एवं कलेक्टर द्वारा त्यागपत्र मांगने, मृतक बच्चों के परिजनों को 50-50 लाख रू. मुआवजा देने, भूली परियोजना के प्रभावित किसानों को एनएच 47 राजमार्ग के किनारे स्थान दिए जाने, जिला कलेक्टर कार्यालय का निर्माण रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने रिक्त भूमि पर किए जाने तथा जिलेभर में फैले अवैध धंधों पर अंकुश लगाए जाने की मांग का उल्लेख किया गया है।

## दिवाली त्यौहार के मद्देनजर पुलिस ने बनाई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

आगामी 18 से 20 अक्टूबर 2025 को दिवाली त्योहार के मद्देनजर स्थानीय पुलिस प्रशासन के द्वारा शहर में आम जनता व व्यापारियों की सुविधा के लिए वैकल्पिक यातायात व्यवस्था बनाई जा रही है। इसके लिए व्यापार महासंघ की पहल पर शुक्रवार को स्थानीय व्यापारियों के साथ नगर निरीक्षक राकेश सिंह बघेल के द्वारा एक बैठक आहूत की गई थी। इस बैठक में व्यापारियों के सुझाव के आधार पर तीन दिनों के लिए नई यातायात व्यवस्था बना दी गई है। यहां मिली जानकारी के अनुसार आगामी 18 अक्टूबर 2025 से लगातार नगर के मुख्य बाजार में भारी एवं माल वाहक वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। इसे प्रातः 10:00 बजे से रात 8:00 बजे तक पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस अवधि में कोई भी बड़ा भारी व माल वाहक वाहन शहर की मुख्य सड़क व बाजार में प्रवेश नहीं कर सकेगा। नगर निरीक्षक राकेश सिंह बघेल ने बताया कि आगामी 18 से 20 अक्टूबर की त्योहारी अवधि के दौरान पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक से सिनेमा रोड तक चौपहियां एवं दोपहिया वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि में बड़े वाहन अपनी आवश्यकता अनुसार भारत रत्न भीमराव अंबेडकर चौक से माल गोदाम सड़क से होते पुराना लोको शेड क्षेत्र से होते हुए दांतला होते हुए छिंदवाड़ा-दमुआ मार्ग की मुख्य सड़क पर पहुंचेंगे। बाहर से शहर में ग्राहकी के लिए आने वाले दोपहिया और चौपहियां वाहनों की पार्किंग रेलवे पार्किंग स्थल एवं श्री नंदलाल सूद मैदान, तामिया रोड में अस्थाई रूप से की जाएगी। नगर निरीक्षक राकेश सिंह बघेल ने बताया कि व्यापार महासंघ पुलिस को लगातार सहयोग प्राप्त हो रहा है जिसके लिए उन्हें बैठक में उन्हें धन्यवाद ही दिया गया है। उन्होंने आम जनता सहित समस्त लघु, बड़े और मझौले वर्ग के व्यापारियों से इस व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में पुलिस के द्वारा अपराधी एवं शरारती तत्वों पर सघनतापूर्वक नजर रखी जाएगी। इसके अतिरिक्त पुलिस के द्वारा संदेही व्यक्तियों पर नजर सहित वाहन चेकिंग भी लगातार की जाती रहेगी। इसके लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी की जा रही है। इस बैठक में व्यापार महासंघ, जुन्नारदेव के समस्त संरक्षक सहित पदाधिकारी गण इस दौरान मौजूद रहे थे।

### व्यापार महासंघ का नपा को सुझाव

व्यापार महासंघ ने अतिक्रमण से जुड़े नपा के अनावश्यक विवाद को लेकर एक सुझाव दिया है कि इन तीन दिनों के लिए शहर के मुख्य मार्ग एवं बाजार में नपा के द्वारा स्टोन डस्ट से सफेद लाइन डाल दी जानी चाहिए, जिसके भीतर ही व्यापारियों के द्वारा अपने प्रतिष्ठानों को लगाया जाएगा। नगर पालिका परिषद के द्वारा ऐसी व्यवस्था बहाल किए जाने पर आए दिन होने वाले अतिक्रमण संबंधी विवादों पर लगाम लगाई जा सकेगी।

## नशामुक्ति सह पुर्नवास केंद्र में किया पौधा रोपण ओर बताया पेड़ों का महत्व

**छिन्दवाड़ा ।** पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने और मानव जीवन को संरक्षित करने के लिए हम सभी को एक जुट होकर अधिक से अधिक पौधों का रोपण हमे करना होगा । पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय नशा मुक्ति सह पुर्नवास केंद्र मे पौधा रोपण किया गया । इस अवसर पर पर्यावरण विद श्यामल राव ने कहा की वायुमंडल मे कार्बन डाईआक्साइड की मात्रा दिनो दिन बढ़ते चली जा रही हे इसे कम करने के लिए हमे अधिक से अधिक पौधा रोपण करना होगा , तभी हमारे परिसर का वातावरण शुद्ध रहेगा ,पेड़ मानव जीवन को सुरक्षित रखने संजीवनी का कार्य करता हे ,इसलिए पेड़ो को बचाये रखने हमे आम जनो को जागरूक करना होगा । मातृसेवा संघ के अध्यक्ष पंडित राकेश शर्मा ने सम्बोधित करते हुये छात्रो से कहा की लगाये गये पौधे की पूर्ण सुरक्षा का संकल्प लेने कहा गया वही भावी पीढी को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पोधा लगाना चाहिए और उसका संरक्षण करना चाहिए तभी हम अपने आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित जीवन दे।

## एसडीएम सुश्री कामिनी ठाकुर ने विद्यार्थियों के साथ मनाई दीपावली



**जुन्नारदेव।** उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव में दीपावली पर्व के अवकाश से पूर्व संस्था में दीपावली पर्व शालेय स्टाफ , छात्र-छात्राओं के साथ एसडीएम जुन्नारदेव सुश्री कामिनी ठाकुर द्वारा मनाया गया । कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा पूरे परिसर को सुंदर रंगोलिया से सजाया गया , जिसे एसडीएम जुन्नारदेव द्वारा देखा गया और विद्यार्थियों की कृतियां की प्रशंसा की । सभी विद्यार्थियों के बीच एसडीएम सुश्री कामिनी ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर परिसर को दीपकों से सजाया गया और विद्यार्थी छात्र-छात्राओं के साथ फुलझड़ी और आतिशबाजी कर दीपावली मनाई। बच्चे अपने परिवार के दीपक हैं विद्यार्थी अपने परिवार के दीपक हैं । वह जीवन में वह मार्ग अपनाए जिससे परिवार का , समाज का अंधकार दूर हो सके , ऐसी शिक्षा हमें दीपों के त्योहार दीपावली से लेनी चाहिए । सभी विद्यार्थी अपने-अपने परिवारों के दीपक हैं । जब उनका जन्म हुआ तो परिवार में खुशियां मनाई गई इसलिए की बच्चे जीवन में अपने चारों ओर रोशनी फैलाएंगे , अतः सभी विद्यार्थी अपने परिश्रम से अपने परिवार का अपने समाज का उत्थान करें और उस मुकाम पर पहुंचेंगे जिसके लिए हमारे परिवार ने सपने देखें है । इससे पूर्व एनसीसी ऑफिसर मनोज शर्मा द्वारा पूरे शालेय स्टाफ की ओर से एसडीएम जुन्नारदेव का स्वागत कर स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया । कार्यक्रम में समस्त विद्यार्थी छात्र-छात्राओं को मिष्ठान वितरण किया गया । इस अवसर पर श्रीमती वर्षा बंदेवार , संजीव पांडे , संजय अरोरा , कु अलका तेलंग , मनोज शर्मा , बैजनाथ डेहरिया धर्मेंद्र मालवी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

## विवेकानंद में मनाया गया दीपोत्सव




**सिंगोड़ी**:-सिंगोड़ी नई आबादी स्थित स्वामी विवेकानंद आदर्श विद्यालय में नन्हे मुन्ने बच्चों सहित शिक्षकों के द्वारा दीपावली के पावन अवसर पर दीपोत्सव मनाया गया बच्चों द्वारा विशेष परिधान में घर से सुंदर-सुंदर दीप सजाकर लाए गए अपनी अपनी कक्षाओं की सुंदर सजावट कर उन्हें आकर्षक बनाया गया सुंदर कक्षाओं को शाला संचालक पवन राव सोनी द्वारा विशेष उपहार प्रदान किया गयाशिक्षक शिक्षकों की उपस्थिति में बच्चों द्वारा सुंदर-सुंदर गीत गाकर भगवान श्री राम एवं माता सीता की सुंदर झांकी बनाई गई विद्यालय परिवार की ओर से सभी बच्चों को प्रसाद वितरण किया गया एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को विशेष उपहार दिया गया विद्यालय परिवार द्वारा प्रतिवर्ष दीपावली की शुभ अवसर पर दीपक उत्सव बनाने की श्रृंखला चली आ रही है।

## शिकायत के बाद पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशु संजीवनी के पैरावेट पर की नोटिस जारी

# पशु संजीवनी वाहन में डीजल घोटाला : लांजी में उजागर हुई लापरवाही




हरिभूमि न्यूज लांजी।

मध्य प्रदेश सरकार ने पशु की सेवा हेतु पशु संजीवनी वाहन एम्बुलेंस की व्यवस्था की है इसका उद्देश्य है कि पशुपालकों को उनके घर पर ही पशुओं के इलाज की सुविधा प्रदान करना है जिससे उन्हें अपने पशुओं को आपात अस्पताल ले जाने से होने वाली कठिनाइयों से बचाया जा सके। परंतु शासन की सुविधा को दरकिनार करते हुए लांजी में व्यवस्थाओं की धज्जियां उड़ाई जा रही है। लांजी में पशु संजीवनी वाहन के पैरावेट और ड्राइवर द्वारा डीजल घोटाले का मामला सामने आया है। शिकायत के अनुसार, पैरावेट टीकाराम पिछोड़े और ड्राइवर सहदेव बांगरे ने 17 अक्टूबर को आमगांव रोड स्थित पेट्रोल पंप में डीजल डलवाया, जिसमें वेटनरी ऑफीसर ने 4500 रुपये की पर्ची दी थी। लेकिन इन्होंने मात्र 4000 रुपये का ही डीजल डलवाया और 500 रुपये का गबन कर लिया।

### डीजल घोटाले की जांच शुरू

मामले की जानकारी मिलने पर वेटनरी अधिकारी ने पैरावेट टीकाराम पिछोड़े पर नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। वेटरिनरी अधिकारी ने कहा कि यह शासकीय राशि के दुरुपयोग एवं गबन करने की श्रेणी में आता है। इस मामले की जांच के बाद दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। शिकायतकर्ता द्वारा इस मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। देखना यह है कि जांच के बाद इस मामले में क्या कार्रवाई की जाती है और भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

### पिछले कई महीनों से हो रही थी चोरी?

इस मामले में यह भी जांच की जा रही है कि कहीं पिछले कई महीनों से इन लोगों द्वारा डीजल की चोरी तो नहीं की जा रही थी। वेटरिनरी विभाग के द्वारा उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग बालाघाट को भी इस मामले की जानकारी दी गई है।

### पैरावेट ने कहा तनखा नहीं मिली इसलिए करना पड़ा

जब पैरावेट टीकाराम पिछोड़े से इस संबंध में बात की गई, तो उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया और कहा कि उन्होंने डीजल के थोड़े से पैसे क्या रख लिए, वह तुमको दिख गया। लेकिन कई महीनों से उनकी पेमेंट नहीं मिलने की बात कहकर अपना बचाव करने की कोशिश की।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस



हरिभूमि न्यूज बैहर।

स्थानीय नगर मुख्यालय में दी बुद्धिष्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया एवं मैत्री महिला मंडल के तत्वावधान में तहसील स्तरीय धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस समारोह बड़े ही हर्षउल्लास के साथ मनाया गया, दोपहर 12 बजे महाप्रज्ञा बुद्ध विहार में सामूहिक पूजा वंदना कर कार्यक्रम प्रारंभ किया जिसके बाद धम्म रैली के माध्यम से करुणा बुद्ध विहार व पंचशील चौक में दीप प्रज्वलित किए गए तथा नगर भ्रमण करते हुए रैली के माध्यम से पुरातात्विक स्थल जोड़ा विहार पहुंची जहां पर दीप प्रज्वलित कर पूजा वंदना की गई तत्पश्चात रैली नगर भ्रमण करते हुए गांधी चौक से होकर डॉ आंबेडकर पार्क पहुंची जहां पर माल्यार्पण किया गया इसके बाद रैली डॉ आंबेडकर चौक पहुंची जहां पर खीर वितरण किया गया व कार्यक्रम मुख्य स्थल महाप्रज्ञा बुद्ध विहार में मुख्य कार्यक्रम किया गया जहां पर सभी अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के द्वारा बुध्द व बाबा साहब आंबेडकर जी के बताए गए मार्गों पर प्रकाश डाला गया व धम्म देशना दी गई साथ में बच्चों के द्वारा धम्म गीत व नृत्य प्रस्तुत किए गए उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य एस एल घोरमारे, विशेष अतिथि प्रो अरुण कुमार वैद्य, दमयंती रामटेके, परसराम चिचखेड़े, कंचना नागदेवे, राधेलाल वर्मा तथा धम्मदेशना बाबू साजन दास बोरकर, शीला ताई कुंभलवार के द्वारा दी गई कार्यक्रम की अध्यक्षता दी बुद्धिष्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के तहसील अध्यक्ष एम एल चौरे के द्वारा की गई थी व मंच संचालन जी एस गजभिए के द्वारा किया गया उक्त कार्यक्रम में नगर के व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या में बुद्ध आंबेडकर अनुवाई उपस्थित हुए कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए एम एल चौरे के द्वारा सभी का आभार किया गया।

## भरवेली में आज एक रोजा तकरीर का प्रोग्राम

**बालाघाट।** जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत भरवेली के अंतर्गत वार्ड नं. 8 मोमिन चौक में आज शनिवार की शाम में एक रोजा तकरीर का प्रोग्राम मदरसा गौसिया फैजाने नूरी कमेटी मोमिन चौक के तत्वाधान में आयोजित किया गया है। 11वीं शरीफ के मुबारक मौके पर आयोजित इस कार्यक्रम में खास मेहमान के तौर पर मौलाना नियाजुल कादरी इन्दौर, मौलाना उमर रजवी मिसबाही बालाघाट, मौलाना कैसर रजा पं. बंगाल, मोहम्मद सलमान रजा बांदवी उत्तरप्रदेश, नातखां नजीर अहमद कादरी वारासिवनी, सैयद सैफुद्दीन साहब गौशिया मस्जिद बुढी, सैयद असीफ अली नूरी भरवेली, असीफ रजा कादरी लामता, शमीम नूरी कोसमी, मौलाना अब्दुल अजीज भरवेली, मौलाना शाहिद रजा सिवनी, मौलाना रेयाज साहब, मौलाना जफर रजा, मौलाना नसीम उर्फ नाबिना, हाफिज इरशाद लालबर्रा, हाफिज अब्दुल मुस्तफा उकवा, हाफिज खुर्शिद आलम बैहर, हाफिज जिब्राइल रजा बालाघाट, हाफिज मुबारक साहब धापेवाडा, मौलाना जाहिद रजा बालाघाट, मौलाना मुजम्मिल मोतीनगर के साथ लामता परसवाडा एवं अन्य स्थानों के मौलानाओं की भी उपस्थिति प्रमुख होगी। शाम को लंगर-ए-आम रखा गया है।

## चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन जागरूकता सप्ताह का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) के बारे में



जवानों/कर्मियों को जागरूक करने के उद्देश्य से आज दिनांक 17/10/2025 को 7 बटालियन, के0रि0पु0बल में डॉ0 विवेक द्विवेदी, चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) जागरूकता सप्ताह (13-17 अक्टूबर 2025) का आयोजन किया गया । जिसका मुख्य उद्देश्य कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) में प्रशिक्षण और सामुदायिक भागीदारी के साथ-साथ आम लोगों को आपातकालीन स्थिति में जीवन बचाने वाली तकनीक सीपीआर (CPR) के प्रति जागरूक करना और उन्हें प्रशिक्षित करना है । जागरूकता/प्रशिक्षण के दौरान डॉ0 विवेक द्विवेदी, चिकित्सा अधिकारी द्वारा उपस्थित अधिकारियों/जवानों को सीपीआर के जीवनरक्षक महत्व पर जोर देते हुए हार्ट अटैक के दौरान मरीज की प्राथमिक उपचार के संबंध में जानकारी दी गयी जिससे किसी भी बहुमूल्य जीवन बचाने की संभावना को बढ़ाया जा सके ।इस अभियान के दौरान बटालियन के श्री रवीन्द्र सिंह (उप कमाण्डेंट), निरीक्षक/जीडी रामजी लाल मीणा, उपनिरी/जीडी बलिराम मिश्रा एवं बटालियन के अन्य जवान मौजूद थे ।

## अंबेडकर वाचनालय भवन का विधायक ने किया लोकार्पण

# हमारी नई पीढ़ियों को बाबा साहेब की पुस्तकों का होना चाहिए ज्ञान-पटेल



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

ज्ञान और शिक्षा के प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वारासिवनी जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत वारा में बौद्ध समाज की मांग पर विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा 10 लाख रुपए की लागत से बनाए गए अंबेडकर वाचनालय भवन का अनावरण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचते ही विधायक विवेक विक्की पटेल का बौद्ध समाज के लोगों ने स्वागत किया किया। जिसके बाद सभी अतिथियों द्वारा अंबेडकर वाचनालय का फीता काटकर भवन का लोकार्पण किया गया।

### बाबा साहेब द्वारा बनाए गए संविधान से चल रहा हमारा भारत देश- विवेक पटेल

कार्यक्रम में उपस्थित आंबेडकरवादियों को संबोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि कई दिनों से समाज के वरिष्ठजनों द्वारा अंबेडकर वाचनालय बनाए जाने की मांग की जा रही थी। मैने चुनाव प्रचार के दौरान समाज से वादा किया था कि चुनाव जीतने के बाद मेरे द्वारा ग्राम वारा में अंबेडकर वाचनालय भवन का निर्माण किया जाएगा। मैने पहले ही सत्र में इसका भूमिपूजन करके निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया था, जो आज भव्य रूप में बनकर तैयार हो गया हैं। ग्राम वारा के साथ ही आस-पास के गांव में निवासरत युवाओं को भी इसका लाभ मिलेगा।

### अध्ययन की आदत को जीवन का हिस्सा बनाये

इस वाचनालय में बौद्ध समाज की पुस्तकों को रखा जाएगा, जिससे समाज के नए युवाओं को बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन परिचय के बारे में पता चले। उन्होंने अपने जीवन में क्या-क्या कष्ट झेले, फिर भी उन्होंने अपने जीवन में हार नहीं मानी। उनके द्वारा बनाए गए संविधान के चलते आज हमारा भारत देश चल रहा हैं। पुस्तकालय समाज के बौद्धिक विकास का आधार होता हैं, नई पीढ़ी को पुस्तकों के माध्यम से अपने ज्ञान का विस्तार करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से लाइब्रेरी का नियमित उपयोग करने और अध्ययन की आदत को जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह किया।

## घोटी में हुआ सामाजिक अंकेक्षण, ग्राम सभा में किया लेखा जोखा प्रस्तुत

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** जनपद पंचायत खैरलांजी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत घोटी में मनेरेगा सहित अन्य योजनाओ का सामाजिक अंकेक्षण ( सोशल आडिट ) 11 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक सोशल आडिट की टीम के द्वारा किया गया । 16 अक्टूबर गुरुवार को पंचायत भवन में विशेष ग्राम सभा आयोजित कर सोशल आडिट की टीम के द्वारा लेखा



जोखा ग्रामीणजनो के समक्ष प्रस्तुत किया गया। ग्राम सभा का आयोजन फतूलाल पगरवार की अध्यक्षता में की गई । यह जानकारी सामाजिक अंकेक्षण की ब्लॉक प्रभारी रीना पटले के द्वारा दि गई। उन्होंने बताया की 11 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक 2024 -25 के मनेरेगा सहित अन्य योजनाओ अंतर्गत हुए निर्माण कार्यो का मौखिक, भौतिक, लेखा-जोखा का सत्यापन किया गया। जिसके बाद विशेष ग्राम सभा बुलाकर ग्राम सभा में प्रस्तुत किया गया। तथा गुनई ग्राम पंचायत में भी सोशल आडिट का समापन हुआ ।इस दौरान ग्राम सभा नोडल अधिकारी लोचनलाल तिरगाम, ब्लॉक प्रभारी रीना पटले, सरपंच नरेंद्र ठकरेले, सचिव हंसराज टेंभरे, रोजगार सहायक राजेश लिल्हारे, वीसीए गायत्री पटले सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### साउंड ऑर्गनाइजर एसोसिएशन ने नवागत कलेक्टर से सौजन्य भेंट की

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी साउंड ऑर्गनाइजर एसोसिएशन द्वारा नवागत कलेक्टर शीतला पटले जी से सौजन्य भेंट की गई, एवं उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया ! अध्यक्ष पिंकी उपाध्याय द्वारा उन्हें ₹राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ₹ के 100 वर्ष पूरे होने पर 13 दिसम्बर 2025 को प्रस्तावित कार्यक्रम ₹एक शाम देश के नाम₹ की रूपरेखा से अवगत कराया गया एवं सहयोग की प्रार्थना की गई।

### संभाग स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**पुरुष वर्ग व महिला वर्ग में सिवनी बना विजेताछिंदवाड़ा उपविजेता**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राज्य स्तर टेबल टेनिस प्रतियोगिता का होगा सिवनी मै आयोजन

मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी खेल कैलेंडर के अनुसार पीएम एक्सीलेंस कॉलेज सिवनी में संभाग स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का रोमांचक आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले छिंदवाड़ा , पाण्डुर्ना, बालाघाट और सिवनी जिले के कॉलेजों के युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया।
पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के स्पोर्ट्स ऑफिसर केसी राउर ने बताया कि राज्य के युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने तथा उच्च शिक्षा संस्थानों में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग व महिला वर्ग में सिवनी की टीम विजेता बनी छिंदवाड़ा जिले की टीम उपविजेता रही।

### करणी सेना परिवार की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** करणी सेना परिवार की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक भोपाल में आयोजित हुई, जिसमें प्रदेशभर से पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य हरदा में हुए अन्याय के विरोध में 21 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाले जन क्रांति न्याय आंदोलन की तैयारियों पर विचार-विमर्श करना रहा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि करणी सेना परिवार एवं सर्व समाज मिलकर हरदा में शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से न्याय की माँग करेगा।

### मतदाता सूची के पुनरीक्षण और लापरवाही पर नोटिस जारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल द्वारा नियुक्त प्रेक्षक राजेश कोल ने आज केवलारी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों और दावा-आपत्री केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने केलोपा, खैरापलारी, मलारी, मुनगापार, बोथिया, बिछुआ रैयत, संदीपनी विद्यालय केवलारी और कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केवलारी का दौरा कर पंचायत एवं नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण के कार्य का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक ने खैरा के सचिव श्री कृष्ण कुमार चक्रवर्ती को निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने किया सिवनी नगरीय क्षेत्र का सघन निरीक्षण, विभिन्न विकास कार्यों की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने शुक्रवार को सिवनी नगरीय क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने नगर में चल रहे विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



### कंपनी गार्डन में प्रस्तावित पार्क निर्माण की जानकारी ली

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सर्वप्रथम कंपनी गार्डन पहुंचकर नगरपालिका द्वारा प्रस्तावित पार्क निर्माण कार्य की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पार्क को नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाने के निर्देश देते हुए हरियाली और जनसुविधाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा।

### मठ तालाब का निरीक्षण, स्वच्छता और विसर्जन व्यवस्था के निर्देश

कलेक्टर ने मठ मंदिर पहुंचकर अमृत योजना अंतर्गत मठ तालाब में कराए गए सौंदर्यीकरण कार्य, पथवे निर्माण का अवलोकन किया। उन्होंने तालाब को स्वच्छ बनाए रखने के निर्देश दिए और पूजन सामग्री विसर्जन के लिए बॉक्स एवं डस्टबिन की व्यवस्था करने को कहा।

### मॉडल रोड और आरओबी कार्यों की समीक्षा

इसके उपरांत कलेक्टर ने मॉडल रोड निर्माण कार्य एवं निर्माणाधीन आरओबी का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी और एमपीआरडीसी अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्य के दौरान सतत रूप से डायवर्जन मार्ग की मरम्मत करने के निर्देश भी दिए।

### जरूरतमंद महिला को आवास योजना का लाभ दिलाने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान एक बुजुर्ग महिला द्वारा आवास की समस्या बताने पर कलेक्टर ने सीएमओ को उनकी पात्रता का परीक्षण कर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

### बाबरिया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और फायर स्टेशन स्थल का अवलोकन

कलेक्टर श्रीमती पटले ने बाबरिया स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने भीमगढ़ बांध से प्राप्त जल के शुद्धिकरण और नगरीय क्षेत्र में वितरण व्यवस्था की जानकारी ली तथा जल आपूर्ति प्रणाली को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए।



### मुख्य बाजार में की खरीदारी, महिला पथ विक्रेताओं से संवाद

कलेक्टर ने बुधवारी और शुक्रवारी मुख्य बाजार का भी भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने दीपावली पर्व की तैयारियों का जायजा लिया और स्थानीय महिला पथ विक्रेताओं से संवाद किया। उन्होंने उनसे मिट्टी के दीये, रंगोली और सजावटी वस्तुएं खरीदीं तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर ने कहा कि स्थानीय उत्पादों और स्व-रोजगार से जुड़ी महिलाओं का प्रोत्साहन समाज की सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है। इस दौरान उन्होंने महिलाओं से उनके व्यापार की स्थिति, बिक्री, और आने वाली कठिनाइयों के बारे में भी जानकारी ली।

इसके उपरांत उन्होंने फायर स्टेशन के निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि का भी अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# बिना अनुमति भूमि से किया जा रहा था उत्खनन, जेसीबी सहित दो ट्रैक्टर जप्त





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कुरई विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत छीतापार के ग्राम खापा (पटवारी हल्का क्रमांक 29) में किसान सुदेश पिता शिवचरण पवार की निजी भूमि पर बिना अनुमति मुरम उत्खनन किया जा रहा था।
ग्रामीणों के अनुसार, जेसीबी मशीन से मुरम निकालकर दो ट्रैक्टरों की सहायता से खापा से सूखा डोंगरी रोड पर डाली जा रही थी।
ग्रामीणों ने जब यह देखा तो ग्राम पंचायत छीतापार के सरपंच व सचिव को सूचना दी।
दोनों ने बताया कि उन्हें इस कार्य की कोई जानकारी नहीं है और न ही उक्त सड़क निर्माण के लिए किसी प्रकार की स्वीकृति प्राप्त है। मामले की जानकारी राजस्व विभाग के हल्का पटवारी रवि शंकर जांगड़े को दी गई, लेकिन फोन रिसीव न होने पर कुरई तहसीलदार सतीश चौधरी को सूचना पहुंचाई गई। तहसीलदार के निर्देश पर अनिल धुर्वे एवं पटवारी दल मौके पर पहुंचे और पंचनामा तैयार कर कार्रवाई की। जिसमें ग्रामीण नरेश चौरसिया, ग्राम पंचायत सरपंच अशोक उईके ,सचिव मेहताप परते, धरम सिंह मरकाम, ग्राम कोटवार दीपक नायक,खनिज निरीक्षक रंजीत डेहरिया ने बताया कि मौके से जेसीबी मशीन और दो ट्रैक्टरों को जप्त कर अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### तेज रफ्तार ट्रक बेकाबू होकर पत्थर से टकराकर पलटा

**सिवनी।** जिले के कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र में कामता ग्राम के पास देर रात तेज रफ्तार ट्रक बेकाबू होकर पत्थर से टकराकर पलट गया। इस हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, ट्रक में पोहा भरकर सिवनी लाया जा रहा था। कामता ग्राम के समीप पहुंचने पर ट्रक बेकाबू हो गया और पत्थर से टकराकर पलट गया। टक्कर के कारण चालक ट्रक से बाहर गिर गया। घायल को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया चालक को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल चालक को लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद, उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जांच शुरू की। पुलिस यह पता लगानेकी कोशिश कर रही है कि हादसा कैसे हुआ और घायल ड्राइवर के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

### वरिष्ठ अधिवक्ता शिशुपाल यादव ने दिलाया न्याय


## न्यायालय ने दिया 1 करोड़ 3 लाख 70 हजार का ऐतिहासिक मुआवजा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** न्याय की राह पर एक बड़ी मिसाल कायम करते हुए मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण, वारासिवनी ने क्लेम प्रकरण क्रमांक 2019/2022 (मोनिका विरुद्ध रामप्रसाद एवं अन्य) में आवेदक पक्ष के हक में 1,03,70,000 (एक करोड़ तीन लाख सत्तर हजार रुपये) का क्षतिपूर्ति अवार्ड पारित किया है। यह निर्णय 16 अक्टूबर 2025 को सुनाया गया और इसे अब तक का वारासिवनी न्यायालय का सबसे बड़ा मुआवजा अवार्ड बताया जा रहा है। इस मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से पैरवी सिवनी के वरिष्ठ अधिवक्ता शिशुपाल यादव, सहायक अधिवक्ता सुरेंद्र वाघाडे एवं राज ठाकुर ने की। अधिवक्ता दल ने सुप्रीम कोर्ट के कई महत्वपूर्ण निर्णयों का हवाला देते हुए प्रभावी पैरवी की, जिसके आधार पर न्यायालय ने यह



ऐतिहासिक आदेश पारित किया। निर्णय पर प्रतिक्रिया देते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता शिशुपाल यादव ने कहा मृतक की कमी तो पूरी नहीं की जा सकती, परंतु यह निर्णय निश्चित रूप से परिवार के सामाजिक और आर्थिक स्तर का सुदृढ़ करेगा। कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार, यह फैसला न्यायिक संवेदनशीलता और कानूनी दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण है। इसे क्षेत्र में एक ऐतिहासिक निर्णय के रूप में देखा जा रहा है, जो भविष्य में होने वाले मुआवजा प्रकरणों के लिए दिशा-निर्देशक मिसाल बनेगा ।

### यशवंत तिवारी ने की नंगे पैर कपूर्दा की पदयात्रा




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गत दिवस सिवनी नगर के छिंदवाड़ा चौक में रहने वाले यशवंत तिवारी के मन में अचानक भाव आया कि छिंदवाड़ा जिले के अंतर्गत आने कपूर्दा की माता पष्ठी के दर्शन यशवंत तिवारी पैदल नंगे पैर अपने निवास छिंदवाड़ा चौक तिलक वार्ड से पदयात्रा कपूर्दा वाली माता के दर्शन करने के लिए निकल गए यशवंत तिवारी बताया कि मैं सुबह 9 बजे अपने निज निवास से पद यात्रा पैदल निकल गया। पद यात्रा करते-करते मुझे लगभग 7 से 8 घंटे लगे और मे शाम के लगभग 6 बजे का कपूर्दा पहुंचा जहां मैंने माता को दंड बाद प्रणाम कर माता के दर्शन एवं पूजा अर्चन की।

### रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत कोदो एवं कुटकी के पंजीयन प्रारंभ

सिवनी / मध्यप्रदेश शासन से प्राप्त निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा कोदो एवं कुटकी की उपार्जन प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। खरीफ वर्ष 2025 हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर कोदो एवं कुटकी का पंजीयन 10 अक्टूबर 2025 से 24 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा।समिति मर्या. धूमा, विकासखंड लखनादौन, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. घंसौर, विकासखंड घंसौर तथा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. केदारपुर, विकासखंड घंसौर शामिल हैं। कृषक भाइयों से अपील की गई है कि वे कोदो एवं कुटकी का अधिक से अधिक पंजीयन कराकर इस योजना का लाभ उठाएं।



### भाजपा जिला संगठन एवं प्रदेश कार्य समित सदस्य अरुण द्विवेदी का पूर्व पार्षद एवं सभापति अलकेश रजक के निवास पर हुआ आगमन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सिवनी भाजपा के जिला संगठन प्रभारी अरुण द्विवेदी का भाजपा नगर उपाध्यक्ष पूर्व पार्षद एवं सभापति अलकेश रजक के निवास पर आगमन हुआ जहां पर जिला उपाध्यक्ष लालमणि लालू राय , जिला मंत्री संजीव मिश्रा, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष संजय पप्पु सोनी, पूर्व नगर मंडल महामंत्री अनूप मिश्रा, पूर्व नगर मंत्री पंकज बिसे , पत्रकार राकेश मालवीय , सोशल मीडिया प्रभारी सत्यम सूर्यवंशी सहित , वीरू तिवारी , अंकुर सनोडीया, जितेंद्र जित्तू मालवीय , धर्मेन्द्र सोनू पटेल , नरेश गहलोत एवं वार्ड के कार्यकर्ताओ ने आत्मीय स्वागत सम्मान किया।

## रबी वर्ष 2025-26 हेतु सभी विकासखंडों में बीज वितरण प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में सिवनी जिले के सभी विकासखंडों में रबी वर्ष 2025-26 के लिए बीज वितरण का कार्य प्रारंभ हो गया है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत दलहन एवं तिलहन फसलों के बीजों का भंडारण कर वितरण किया जा रहा है।
कृषकों को मुख्य रूप से चना, मसूर, सरसों एवं अलसी जैसी फसलों के बीज योजना के प्रावधान एवं पात्रता के अनुसार उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विभाग द्वारा कृषकों को सलाह दी गई है कि जिन क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां कम पानी वाली दलहन एवं तिलहन फसलें लगाई जाएं।
वहीं जिन किसानों के पास सिंचाई की सुविधा नहर या बोरवेल के माध्यम से उपलब्ध है, उन्हें भी दलहन एवं तिलहन फसलों के बीज वितरण का लाभ दिया जा रहा है। उपसंचालक कृषि श्री सुधीर कुमार धुर्वे ने सभी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों एवं कृषि विस्तार अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे बीज वितरण हेतु पात्र कृषकों का चयन प्राथमिकता से करें, विशेषकर उन कृषकों का जिन्हें पूर्व वर्षों में योजना का लाभ नहीं मिला है। कृषक भाइयों से अपील की गई है कि वे योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए अपने भूमि रकबे से संबंधित दस्तावेजों सहित अपने वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय या क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क करें।

### वारदात : आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**सिवनी/कुरई।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता (भापुसे) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी बरघाट ललित गठरे के मार्गदर्शन में थाना कुरई पुलिस ने पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। मिली जानकारी के अनुसार, दिनांक 15 अक्टूबर को थाना कुरई को मोबाइल सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम तुइयापार में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक के.एस. तेकाम के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। प्रार्थी हरिचंद मांडरे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके चाचा का बेटा मेहतलाल मांडरे, जो करीब सात माह पूर्व अर्चना रतनपुरे (धोबीसर्रा) को भगा लाया था और दोनों पति-पत्नी की तरह रह रहे थे, अपनी पत्नी के साथ आए दिन मारपीट करता था।पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद घटना में प्रयुक्त आलाजर्र (हथियार) जप्त कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## त्यौहारों के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालिक मजिस्टेट को दिये गए आवश्यक दिशा-निर्देश

**दीपावली पर्व के दौरान जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने 20 अक्टूबर 2025 को जिलेभर में उपखण्ड मजिस्ट्रेट एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों को आवश्यक दायित्व सौंपे हैं।**

**सिवनी।** आदेश के अनुसार सभी उपखण्ड मजिस्ट्रेट, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कानून व्यवस्था बनाये रखेंगे। साथ ही कलेक्टर द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि दीपावली के दौरान फटाका भण्डारण एवं विक्रय स्थलों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण किया जाए। सभी स्थल पर अग्निशमन यंत्र, पानी के टैंकर, बाल्टियों में रेत (बालू) आदि सामग्री उपलब्ध रहे। प्रत्येक फटाका दुकान टीन शेड युक्त हो तथा दुकानों के बीच पर्याप्त अंतर रखा जाए। फटाका दुकानें बिजली के तारों के नीचे, घनी आबादी, स्कूल या बसाहट वाले क्षेत्रों के पास नहीं लगाई जाएं। दुकानें केवल लाइसेंस में चिन्हित स्थल पर ही स्थापित की जाएं। जिन दुकानों की अनुमति जारी नहीं हुई है, उन्हें तत्काल हटाने और दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिये गए हैं। कलेक्टर श्रीमती पटले ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 6:00 बजे तक किसी भी प्रकार के फटाके या ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

## नगरपालिकाओं एवं पंचायतों की मतदाता सूची पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम जारी दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर

**मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिकाओं और पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025 का संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जारी कार्यक्रम के अनुसार, दावा-आपत्तियाँ प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा 24 अक्टूबर दोपहर 3:00 बजे तक प्राप्त की जाएंगी। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्राप्त दावा-आपत्तियों का 4 नवंबर तक निराकरण किया जाएगा। संशोधित कार्यक्रम के तहत 21 नवम्बर को फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का ग्राम पंचायत, नगरपालिका वार्ड एवं अन्य निर्धारित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन किया जाएगा। वहीं 22 नवम्बर को स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित कर अंतिम मतदाता सूची मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जाएगी।

## अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के स्वयंसेवक निरंतर कर रहे रक्तदान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के दीपक रजक के तत्वावधान में एक बार फिर मानव सेवा का कार्य करते हुए रक्तदान किया गया। यह रक्तदान जरूरतमंद शरद चौरसिया की दादी, श्रीमती कलावती चौरसिया की मदद हेतु किया गया।
इस पुनीत कार्य में वर्षा वर्मन ने रक्तदान कर मानवता का उदाहरण प्रस्तुत किया।इस अवसर पर राष्ट्रीय बजरंग दल के सक्रिय कार्यकर्ता दीपक रजक, अरुण रजक, मेघा सनोडिया एवं शिवा तिवारी जी की मुख्यरूप से उपस्थिति रहे संगठन द्वारा ऐसे सेवा कार्य निरंतर रूप से समाजहित में किए जा रहे हैं।



